An ISO 9001:2015 certified
**शशि रंजन,** भा.प्र.से.
राज्य परियोजना निदेशक

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्**
जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, सेक्टर–3,
धुर्वा, राँची – 834 004
दूरभाष – 0651-2444501, 2444502, फैक्स – 2444506
ई–मेल: jepcranchi1@gmail.com

**पत्रांक : QU/40/71/2024/**3487 **दिनांक – 11/09/2025**

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,**

**सभी जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,**

समग्र शिक्षा, झारखण्ड ।

**विषय : TNA (round 2) के आयोजन से संबंधित आवश्यक निर्देश के संबंध में।**

महाशय / महाशया,

उपरोक्त विषय के आलोक में कहना है कि राज्य में TNA (round1) का आयोजन सफलतापूर्वक माह अप्रैल–मई 2025 में किया गया है जिसमें आप सभी के सहयोग से 99 प्रतिशत से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया एवं तद्नुसार निर्धारित प्रक्रिया के तहत शिक्षकों को उनके पोर्टल के माध्यम से स्कोर प्राप्त हुआ है। जिला एवं प्रखण्ड स्तर के लिए भी Dash Board तैयार करते हुए सभी संबंधितों को login ID एवं Password भी माह जून 2025 में उपलब्ध करा दिया गया है जिसके आधार पर जिला एवं प्रखण्ड न सिर्फ अपने–अपने क्षेत्र की स्थिति को देख सकते हैं अपितु पूरे राज्य के भी आंकड़ों को देखते हुए रणनीति तैयार कर सकते हैं। TNA के पश्चात् शिक्षकों के लिए उनके आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक 15 दिनों पर digital content भी शिक्षकों के पोर्टल पर उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही राज्य स्तरीय वेबिनार एवं क्वीज / polls का भी आयोजन किया जा रहा है। जिला एवं प्रखण्ड अपने–अपने dash board पर शिक्षकों के प्रतिभागिता की स्थिति को देख सकते हैं। वर्तमान में काफी कम संख्या में शिक्षक इसका उपयोग कर रहे हैं। जिलों से अपेक्षा की जाती है कि वे शिक्षकों को इन contents में प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करें ताकि TNA के round 2 में वे बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

उपरोक्त संदर्भ में कहना है कि राज्य में TNA का round 2 दिनांक 07 से 10 नवम्बर 2025 तक प्रस्तावित है। इस संबंध में round 2 के सफल आयोजन हेतु निदेश निम्नवत है–

1. TNA का round 2 दिनांक 07 से 10 नवम्बर 2025 तक प्रस्तावित है। इस संबंध में विस्तृत तिथि की जानकारी शीघ्र ही साझा की जाएगी।
2. TNA का round 2 के लिए 02 घंटे का समय निर्धारित किया गया है तथा कुल प्रश्नों की संख्या 60 होगी।
3. प्रत्येक तिथि को दो शिफ्ट में TNA का आयोजन होगा। (प्रथम पाली– पूर्वाह्न 09:30 से 12:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से 04:30 बजे तक)। प्रत्येक पाली में प्रारंभ के 30 मिनट उन्मुखीकरण के लिए होंगे।
4. TNA के round 2 के आयोजन के लिए round 1 का venue ही निर्धारित किया जाएगा। जिला यदि इसमें संशोधन चाहते हों तो इसकी सूची यथाशीघ्र साझा की जाय।

An ISO 9001:2015 certified
**शशि रंजन,** भा.प्र.से.
राज्य परियोजना निदेशक

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्**
जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, सेक्टर–3,
धुर्वा, राँची – 834 004
दूरभाष – 0651-2444501, 2444502, फैक्स – 2444506
ई–मेल: jepcranchi1@gmail.com

5. TNA के round 2 के आयोजन में प्रत्येक venue हेतु centralised login ID एवं password प्रत्येक शिफ्ट के लिए उपलब्ध कराया जाएगा तथा उस केन्द्र के सभी शिक्षक इसी centralised login ID एवं password के माध्यम से TNA में शामिल हो सकेंगे।
6. जिन शिक्षकों के द्वारा अपने–अपने मोबाईल से CENTA App को uninstall कर लिया गया है, जो शिक्षक नए नियुक्त हुए हैं, जिन शिक्षकों का स्थानांतरण किसी अन्य ज़िले में हुआ हो इत्यादि की स्थिति में उन्हें पुनः निबंधन हेतु माह अक्टूबर 2025 के प्रथम सप्ताह में पुनःनिबंधन अथवा नए निबंधन हेतु समय दिया जाएगा जिसमें उनके द्वारा निबंधन सुनिश्चित किया जाना होगा।
7. जिलों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे eVV में शिक्षकों से संबंधित आंकडों को माह अक्टूबर 2025 के प्रथम सप्ताह तक अनिवार्य रूप से देख लें तथा जो शिक्षक अन्य जिलों में स्थानांतरित हो चुके हों, जो शिक्षक सेवानिवृत हो चुके हो, जिन शिक्षक द्वारा अपनी सेवा छोड़ दी गई हो अथवा वैसे शिक्षक जो मृत हो गए हों, से संबंधित Data की जांच करते हुए eVV से हटाने की कार्रवाई कर लेंगे।
8. शिक्षकों को अनिवार्य रूप से उनके आवश्यकता आधारित प्राप्त होने वाले contents को देखने हेतु समीक्षा की जाय ताकि वे round 2 के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें।
9. सभी संबंधितों को TNA round 2 के आयोजन तथा इसमें किए गए बदलाव के बारे में सूचित किया जाय।
10. उपरोक्त सभी तैयारी ससमय सुनिश्चित की जाय।

विश्वासभाजन,

11/09/25

**(शशि रंजन)**
राज्य परियोजना निदेशक

**ज्ञापांक : QU/40/71/2024/** 3487 **राँची, दिनांक: ...11.../ 09 / 2025**

**प्रतिलिपि :–**

1. सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड को सूचनार्थ समर्पित।
2. सभी उपायुक्त, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।
3. डॉ0 प्रियंका, CENTA को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

11/09/25

**(शशि रंजन)**
राज्य परियोजना निदेशक